## खबर संक्षेप

### 16 को सांसद बंटी साहू पांढुर्ना में लगाएंगे जनता दरबार

**पांढुर्ना।** कल 16 जुलाई को छिंदवाडा-पांढुर्ना लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद बंटी उर्फ विवेक साहू. सुबह 10 बजे से पांढुर्ना में जनता दरबार में जनता की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके बाद श्रीसंत जगनाडे महाराज चौक पर श्रीसंत की प्रतिमा का लोकार्पण किया जाएगा। इस समारोह के बाद तेली समाज के सामाजिक भवन की पहली मंजिल के निर्माण का भूमिपूजन बंटी साहू के हस्ते संपन्न होगा। इसके बाद समाज भवन में पांढुर्ना जिले के तेली समाज के कक्षा 10 एवं 12 में उत्तीर्ण प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सत्कार किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के बाद बंठी साहू ग्राम तिगांव जाएंगे जहां पर श्रीसंत जगनडे महाराज की प्रतिमा लोकार्पण समारोह में शरीक होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद बंटी साहू जिस रास्ते निकलेंगे वहां भाजपा कार्यकर्ताण एवं आम नागरिकों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा।

### विकास के लिए सांसद करेंगे चर्चा अधिकारियों की बैठक लेंगे

**छिंदवाड़ा।** सांसद श्री साहू 15 जुलाई 2024 दिन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैंठक लेंगे। दोप. 1 बजे पत्रकारों के साथ जिले के विकास पर चर्चा एवं सुझाव पर आयोजित बैंठक में शामिल होंगे। दोप. 2 बजे नगर पालिक अध्यक्ष, नगर निगम महापौर, नगर परिषद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष के साथ जिले के विकास पर चर्चा करेंगे। सांसद श्री बंटी विवेक साहू दोप 2.30 बजे डब्लू.सी.एल. के महाप्रबंधकों के साथ बैंठक करेंगे।

## विद्या निकेतन स्कूल का छात्र था भाग्य यादव, पुलिस कर रही जांच

# फ्री फायर गेम खेलते-खेलते फांसी के फंदे पर झूला छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

शहर के पातालेश्वर वार्ड में एक छात्र के द्वारा गेम खेलते खेलते फांसी लगाने का मामला प्रकाश में आया है। कुंडीपूरा थाना क्षेत्र के पातालेश्वर वार्ड 19 में मोबाइल गेम एक छात्र के लिए जानलेवा हो गया। मोहल्ले में छात्र ने मोबाइल पर फ्री फायर गेम खेलते खेलते फांसी लगाकर जान दे दी। इससे पहले भी मोबाइल गेम की वजह से कई नाबालिग अपनी जान ले चुके हैं। विशेषज्ञों की माने तो ऐसे मोबाइल गेम खेलते हुए अक्सर युवा टास्क एचीव न कर पाने की वजह से अवसाद में आ जाते हैं और ऐसा कदम उठा बैठते हैं। यह घटना भी इसी से मिलती जुलती बताई जा रही है।

दरअसल विद्यानिकेतन स्कूल के 10 वी का छात्र भाग्य पिता दिलीप यादव ने स्कूल के होमवर्क के लिए अपने पिता से मोबाइल फोन खरीदने की बात की थी, जिसके बाद मृतक भाग्य के पिता ने उसे 10 हजार का फोन खरीदवा दिया था। लेकिन भाग्य ने उसमें फ्री फायर गेम डाउनलोड कर दिनभर उसी में रुचि दिखाने लगा था। ऐसे में रविवार को सुबह 11 बजे वह मोहल्ले में गेम खेलते-खेलते अचानक दौड़ता हुआ अपने घर पहुँच गया। जहां उसने एक कपड़े की मदद से फाँसी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। मृतक के दोस्त जब सुबह 12 बजे उसके घर उसे क्रिकेट खेलने के लिए बुलाने पहुँचे तो उन्होंने देखा कि वह फाँसी के फंदे पर लटका हुआ है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं नाबालिग ने किन कारणों से मौत को गले लगाया है इन पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### लड़की से आईडी में बात करता था नाबालिग

नाबालिग द्वारा फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला तो समाप्त कर ली गई है। लेकिन इस घटना के बाद



एक नया पहलू दोस्तों के द्वारा सामने आया है। दरअसल मृतक भाग्य यादव के दोस्तों ने बताया है कि वह फ्री फायर गेम रोजाना ही खेलता था, जिसमें उसे एक लड़की की आईडी मिली थी। जबकि घटना से 2 दिन पहले ही वह आईडी में किसी लड़की से बात करता था। और दोस्तों से पूछता था की फांसी कैसे लगाते हैं, जब दोनों ही दोस्तों ने इस विषय में उसे जानकारी नहीं दी तो आज रविवार की सुबह 11:00 बजे नाबालिक घर पहुंचा और फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली,,, फिलहाल पुलिस द्वारा इसकी पुष्टि नही की गई है। और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर, मृतक नाबालिक के दोस्तों एवं आस पड़ोस से इस विषय में पूछताछ कर रही है वहीं नाबालिक का मोबाइल भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। मोबाइल को साइबर के माध्यम से मौत का खुलासा करने की बात कही है फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।



### कुकड़ीखापा जल प्रपात में डूबने से युवक की मौत

**छिंदवाड़ा।** कुकड़ी-खापा जल प्रपात में रविवार को नागपुर निवासी एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक नागपुर का निवासी बताया जा रहा है। जल-प्रपात में बीच वाली स्टेप पर एक गहरे कुंड में युवक डूबा। घटना के बाद उमरानाला पुलिस मौक़े पर पहुंची। यह इस कुंड में अनेक युवकों की जान जा चुकी है। इस कुंड में लगातार हादसे होते रहते है। हादसों को रोकने प्रशासन द्वारा किसी भी तरह की कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गयी है और ना ही कोई सांकेतिक चिन्ह लगाये गये है। यहां जल प्रपात पर मौजूद है। इस कुंड की सैलानियों को कोई जानकारी नहीं है। इस वजह से यहां अक्सर हादसे होते रहते हैं।

### उद्यान रोपणी जमुनिया में आम एवं काजू के लगाये गये पौधे

**छिन्दवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के शासकीय उद्यान रोपणी जमुनिया में आज कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर 100 आम (आल्फांजो), 100 आम (दशहरी) एवं 100 काजू के पौधों का रोपण कर अंकुर अंतर्गत वायुदूत ऐप पर अपलोड किया गया। इस दौरान एसडीएम छिन्दवाड़ा श्री सुधीर जैन, तहसीलदार छिन्दवाड़ा श्री त्रिपाठी, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार, आंचलिक अनुसंधान एवं उद्यानिकी के अधिष्ठाता डॉ.आर.एस.शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री डी.सी.श्रीवास्तव, उप संचालक उद्यान श्री एम.एल.उईके एवं सभी उद्यानिकी स्टॉफ के साथ पौधारोपण किया गया, जिसमें ग्राम जमुनिया के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ली जिला अधिकारियों की बैठक

**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले में 16 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसके दृष्टिगत कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री के साथ मुख्यमंत्रीजी के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री पी.राजौरिया मौजूद रहे।

## कॉलेज के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए बंटी साहू

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनेगाः सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किया गया हैं इस उद्घाटन समारोह में गृहमंत्री श्री अमित शाह जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने वर्चुअली संबोधित किया जिसे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों व्दारा सुना गया। महाविद्यालीन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में सांसद श्री बंटी विवेक साहू उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि देश के विकास के लिए विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिलें इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में हो गई हैं। इसके लिए में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। कि इस नवीन शिक्षा नीति से विद्यार्थियों का भविष्य बनेगा।

सांसद श्री साहू ने विद्यार्थियों से कहा कि यहां आपका सुनहरा भविष्य हैं इस समय का सदुउपयोग करें। सब कुछ वापस आ सकता हैं। लेकिन यह समय दोबारा नहीं आ सकता। हम सौभाग्यशाली हैं। कि हमारे पी.जी.कॉलेज में नवीन विषय की शुरूआत हुई हैं। जिसमें व्यवसायिक पाठयक्रम की भी पढ़ाई होंगी। इससे आप अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं उन्होंने कहा कि हमारे समय यहां सब मिलता तो आज देश का भविष्य और कुछ होता, लेकिन पहले के लोगो ने ध्यान नहीं दिया उन्होंने कहा कि कॉलेज को 3 करोड 74 लाख रूपये का अनुदान मुख्यमंत्री जी व्दारा दिया गया हैं। सांसद ने कहा कि कॉलेज में नई सुविधाओं की शुरूआत के साथ कॉलेज में स्थापित भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, म.प्र.हिंदी ग्रथ एकादमी के लाईब्रेरी आऊटलेट काऊंटर विवेकानंद युवा संसाधन केन्द्र और विद्यार्थियों के लिए बस सेवा प्रांरभ की जायेगीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री माखन शर्मा, महापौर विक्रम अहके, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरीमा दामोदर, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भरत घई एवं प्रषासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मिलेगी सुविधाएं

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के लिए 374 लाख रूपये अनुदान शैक्षणिक व अधोसंरचनात्मक विकास हेतु दिया गया हैं। कॉलेज में नवीन विषयों बायोटेक्लॉजी कम्प्यूटर साइंस स्किल आधारित डिग्री पाठ्यक्रम, बी.कॉम.इन बैंकिग फाइनेनसियल सर्विस एंड इन्सुरेंस (बी.एफ.एस.आई.), आई.आई.टी. दिल्ली के सहयोग से सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम, आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस फींनटेक वीथ ए.आई. बी.एड. पाठ्यक्रम (प्रक्रियाधीन) विमानन पाठ्यक्रम कृषि स्नातक पाठ्यक्रम, बस सेवा का शुभारंभ (विद्यार्थियों की आवागमन सुविधा हेतु) विद्या वन का विकास (पर्यावरण संरक्षण एवं सघन पौधारोपण हेतु), हिन्दी ग्रंथ अकादमी आउटलेट (ज्ञान संपदा सर्वसुलभता हेतु), भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की स्थापना (आस्था के पुनर्जागरण, स्वदेशी संस्कृति के प्रचार-प्रसार व क्रियान्वयन हेतु), विवेकानंद युवा संसाधन केन्द्र का उन्नयन (युवा उद्यमिता के लिए अनुकूल वातावरण का निर्माण, कौशल व ज्ञान के ससक्तिकरण हेतु) , स्नातक चतुर्थ वर्ष में रिसर्च एवं आनर्स पाठ्यक्रम (समग्र और बहुविषयक शिक्षा की संपूर्ण श्रृंखला का अनुभव प्रदान करने का उद्देष्य से) शामिल हैं।

## जिले की प्रतिभाओं में संभावनाएं अपार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

स्थानीय स्वरांजलि नगर ढिमराढाना स्थित श्री नारायण सोसायटी फॉर एजुकेशन के प्रांगण में विगत दिवस कला विद्या की देवी मां सरस्वती के मूर्त रूप का अनावरण करने पधारे संस्कृति संचालनालय मध्य प्रदेश शासन के संचालक एन.पी. नामदेव द्वारा छिंदवाड़ा जिले की प्रतिभाओं की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि सतपुड़ा अंचल की प्रतिभाओं में अपार संभावनाएं हैं साथ ही श्री नारायण सोसायटी फॉर एजुकेशन के प्रतिभाओं के प्रोत्साहन से जुड़े प्रयास सराहनीय हैं। उक्त आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में धार जिले से अनूप श्रीवास्तव का आगमन हुआ जिन्होंने जिले की ललित कला से जुड़ी प्रतिभाओं का मार्गदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा जिले के वरिष्ठ साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त आकाशवाणी उद्घोषक अवधेश तिवारी जी उपस्थित रहे। आयोजन में ललित कला के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाओं की कला प्रदर्शनी भी लगाई गई। आयोजित कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं शास्त्रीय संगीत से जुड़ी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर जिले के गणमान्य नागरिक, अभिभावकगण एवं कलाप्रेमीजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नारायण सोसायटी फॉर एजुकेशन की अध्यक्षा डॉ. श्रीमती मृदुला शर्मा के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# देश को विकसित राष्ट्र बनाने में गुजराती समाज की होगी महत्वपूर्ण भूमिका-सांसद

### गुजराती समाज ने किया सांसद का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गुजराती समाज द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें गुजराती समाज के वरिष्ठों द्वारा सांसद को सम्मानित किया गया इस अवसर पर सांसद ने मध्य प्रदेश गुजरात पर्यटन पत्रिका का विमोचन भी किया एवं समाज की विभिन्न प्रतिभा का सम्मान किया ।

सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने में गुजराती समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। गुजराती रचनात्मक समाज है। और सदैव सभी वर्गों के हित में काम करता है कोरोना काल में समाज के लोगों ने सक्रियता से कार्य किया




था। आज भी विभिन्न क्षेत्र में गुजराती समाज अपनी मेहनत से मुकाम बना रहा है।सम्मान समारोह कार्यक्रम में गुजराती समाज के संरक्षण मोहन गोरी, सुरेश मेहता, रमेश परमार ,भद्रेश शाह ने शाल श्रीफल देकर सांसद का सम्मान किया। गुजराती समाज के अध्यक्ष वनराज जडेजा द्वारा संपादित पत्रिका का विमोचन के साथ सिद्धार्थ जडेजा द्वारा इंडिया टुडे मैगजीन में छपी लेख का प्रति कॉपी सांसद को भेंट की गई। साथ ही स्मृति चिन्ह सचिव रोहित बटाविया, महेश चौहान, केदार शाह, नूतन राठौर ने भेंट किया।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधों का वितरण सांसद श्री बंटी विवेक साहू द्वारा अमित रुपड़ा, सोमू चौहान, डॉक्टर भाविन शाह को भेंट किया। आभार प्रदर्शन अश्विन भट्ट ने किया। इस अवसर पर रोहित शाह, मनोज बटाविया, देवेश सरवैया, पप्पू देसाई एवं महिला मंडल युवा मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

### शहीद मेजर अमित ठेंगे की स्मृति में प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**छिन्दवाड़ा।** शहीद मेजर अमित ठेंगे के पुण्य स्मरण दिवस के अवसर पर प्रतिभा सम्मान एवं अलंकरण समारोह मेजर अमित ठेंगे स्मृति समिति छिंदवाड़ा द्वारा गत दिवस शहर के मध्य स्थित सतपुड़ा विधि महाविद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा एसडीएम श्री सुधीर जैन एवं विशेष अतिथि के रूप में आयुक्त नगर पालिक निगम श्री चंद्रप्रकाश राय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री गोपाल सिंह बघेल, पूर्व प्राचार्या श्रीमती एस.ब्राउन, श्रीमती कामना वर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ.टीकमणि पटवारी सहित शहर के गणमान्य जन, शिक्षा विद एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शहीद मेजर अमित ठेंगे स्मृति समिति द्वारा प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम उनके बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाता है। जिसमें कक्षा दसवीं एवं 12वीं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाता है। इस वर्ष 18 छात्र-छात्राओं को यह सम्मान प्रदान किया गया। समिति के अध्यक्ष श्री मधुकर राव ठेंगे और उपाध्यक्ष शएस.एस.सालोडकर के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मोहर्रम पर्व को लेकर सिंगोड़ी में तैयारियां शुरू

### जगह जगह बांटा जा रहा लंगर, बुधवार को निकाला जाएगा चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

इस्लामी नए साल के सुरु होते ही इमाम हुसैन की शहादत को लेकर मोहर्रम पर्व शुरू हो जाता है। मुस्लिम समुदाय में एक पक्ष गम के रूप में याद करता है जो मातम करता है और पर्व मनाया । वही दूसरा पक्ष यादें हुसैन मनाता है जो इस्लामिक सिद्धानों एवं मानवता के लिए शहीदों की याद में विशेष नमाज रोजा इबादत और लंगर पानी शरबत वितरित करता है। वही शहीदों की याद में ताजिए भी बनाए जाते है। इसी तारतम्य में सिंगोड़ी में दस दिनों तक जगह जगह लंगर वितरित किया जाता है। घरों और मस्जिदों में विशेष नमाज रोजा सहित अन्य धार्मिक कार्य किए जा रहे हैं। वही सिंगोड़ी के कई वार्डो में तोरण बैनर लाइटिंग से सजावट भी की गई है।।। अकीदत से बनाए जाते है ताजिया ।। सिंगोड़ी के ताजियादार राजिक अंसारी ने बताया की हमारी कई पीढ़ी से हमारा परिवार इमाम हुसैन और अन्य शहीदों की याद में ताजिया बना रहे है। क्यूकि शहीदों की दरगाह करबला में है हर साल 10 मुहर्रम को उनके रोजे के प्रतीक के रूप में ताजिये बना कर उनकी शहादत को याद किया जाता है। वही सिंगोड़ी क्षेत्र के आसपास कई गांव में ताजिया बनाई जाती है और ताजिया बनाने वाले कलाकार पूरी तरह पाक-साफ होकर ये काम करते हैं।वही कई लोग इस दौरान अपनी अपनी मान्यता अनुसार मन्नत के शेर भी बनते है जिसमे सभी समाज के लोग सामिल होते है।

### बुधवार को निकलेगा चल समारोह का जुलूस



मोहर्रम के महीने में सिंगोड़ी में लगने वाला मेला जिले का सबसे बड़ा मेला मोहर्रम का कहलाता है। जो दस मुहर्रम सत्रह जुलाई को लगेगा इस दौरान आसपास के ग्रामों के ताजिया यहां एकत्रीत होते है फिर बस्ती का गस्त करते हुए करबला चौक पहुंचे है। जहां विभिन्य कार्यक्रम होते है।वही इसके पूर्व मंगलवार को भी रात्रि में नौ मोहर्रम का जुलूस निकलता है जिसमे स्थानीय सबारियों का समावेश रहता है।

## महाप्रबंधक डब्ल्यू.सी.एल. से चर्चा कर लिए जाएंगे सुझाव

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश शासन द्वारा 20 जुलाई को संभागीय मुख्यालय जबलपुर में रीजनल इन्डस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। यह एक दिवसीय रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मौजूदगी में नेताजी सुभाष चंद्रबोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर जबलपुर में सुबह 9 बजे से आयोजित की जायेगी। जिसमें संभाग के सभी जिलों के उद्योगपति सहभागिता करेंगे। इस इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को सफल बनाने के लिए सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू की उपस्थिति में सोमवार 15 जुलाई 2024 को अलग-अलग बैठकों का आयोजन किया है। सर्वप्रथम दोपहर 01:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा कर उनसे सुझाव लिए जायेंगे। उसके बाद दोपहर 2 बजे से नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर, नगर पालिका/परिषद के अध्यक्षों, जिला पंचायत छिंदवाड़ा/जनपद पंचायतों के अध्यक्ष से चर्चा की जायेगी और उनसे सुझाव लिए जायेंगे। जिसके बाद दोपहर 02:30 बजे से महाप्रबंधक वेस्टर्न कोल फील्ड्स (पेंच एवं कन्हान एरिया) परासिया से चर्चा कर उनसे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 के संबंध में सुझाव लिए जायेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठकों के निर्धारित समय में संबंधितों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद की बैठक 16 जुलाई को

**छिन्दवाड़ा।** जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद की बैठक कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 16 जुलाई को दोपहर 3 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं सह परिषद के सचिव श्री पार्थ जैसवाल ने बताया कि परिषद की प्रबंधकारणी की बैठक में छिंदवाड़ा मैराथन, होम स्टे की प्रगति और पर्यटन क्विज की व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही तामिया इंटरप्रिटेशन सेंटर व रातेड़ साइड कैम्प के संचालन के लिए भी चर्चा होगी। इसके लिए स्थानीय टूर ऑपरेटर को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है।

## एक साल से नहीं हुई ग्राम सभा, बेलगांव पंचायत में है व्याप्त है अनियमितताएं

# सरपंच और सचिव के खिलाफ लामबंधी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जनपद पंचायत परासिया ग्राम पंचायत बेलगांव के सरपंच और सचिव के खिलाफ उप सरपंच और कुछ पंचों के द्वारा लामबंदी जारी है। पंचायत में साल भर से ग्राम सभा नहीं होना बताया जा रहा है । वहीं वित्तीय अनियमितताएं बहुत बताई जा रही है ।शनिवार को ग्राम पंचायत बेलगांव के उपसरपंच पांच और कुछ ग्रामीण जिनमें उप सरपंच दिनेश यदुवंशी , वार्ड 1 के पंच मनोज राय , वार्ड 8 के पंच लक्ष्मी पाल , वार्ड 3 के दुर्गा प्रसाद मर्सकोले , वार्ड 10 से सोनू बरखे , वार्ड 11 से गिरजा बाई पहाड़े , ग्रामीण लेखन यदुवंशी , हरदयाल



यदुवंशी , लेखराम यदुवंशी , बबलू यदुवंशी , भारत यदुवंशी , और जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 की सदस्य गीता साहू के पति संतोष साहू मौजूद थे । बैठक में सामने आया कि ग्राम पंचायत बेलगांव के सरपंच और सचिव द्वारा सभी पंचों को विश्वास में ना लेकर काम कराया जा रहा है । कई तरह की वित्तीय अनियमितताएं बरती जा रही है । एक साल से ग्राम सभा भी नहीं की गई है । पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्य भी नहीं हो रहे हैं । वार्ड क्रमांक 11 में सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है । इसमें काम करने वाली मजदूरों को अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है । वहीं एक ग्रामीण कमलेश बरखे ने बताया कि उसकी पत्नी कृष्णा बरखे ने मनरेगा में काम की थी, लेकिन भुगतान नहीं मिला है । वहीं खुद कमलेश बरखे राज मिस्त्री है उसके बाद भी जिसका जॉब कार्ड नहीं बनाया गया है। बैठक में उपसरपंच दिनेश नागवंशी ने बताया कि उन्होंने कई बार इस मामले की शिकायत सीईओ से की है , लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है । इन लोगों की मांग है कि सचिव को तत्काल यहां से हटाया जाए । यदि ऐसा नहीं होता है पूरे ग्राम वासी आंदोलन पर उतर आएंगे । जरूरत पड़ी थी चक्का जाम करने से भी नहीं चूकेंगे ।

## प्रशासन ने ली निजी स्कूल संचालकों की बैठक

# पालक महासंघ ने की निजी स्कूल की गाड़ियों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



क्षेत्र के निजी स्कूल कोचिंग संचालको की आ रही लगातार शिकायतों के बाद रविवार को तहसील कार्यलय में स्कूल संचालकों की बैठक लेते हुए सौसर प्रशासन के द्वारा स्कूलों कोचिंग में चल रही हुई बसों को शासन से मिले निर्देशों के अनुसार संचालन करने के निर्देश दिए है। बैठक के दौरान सोसर डीएसपी डी व्ही नागर, ने बैठक में स्कूल कोचिंग संचालकों के द्वारा चलाई जारी बसो को लेकर कहा कि स्कूलों कोचिंग सेंटर में बसो का परिवहन शासन गाइडलाइन के अनुसार होना चाहिए। एक बस के द्वारा एक ही संस्थान से बच्चों को लाना ले जाने का कार्य करना चाहिए। एक स्कूल कोचिंग बस यदि अनेक संस्थाओं में कार्य करती नजर आई तो कार्रवाई की जाएगी। स्कूल कोचिंग बसों गाड़ियों में अनियमितताएं पाई जाने पर स्कूल संचालकों के साथ ही बसों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बैठक में सौसर थाना प्रभारी ए.बी मर्सकोले के अलावा क्षेत्र के स्कूल संचालक बस ऑपरेटर उपस्थित थे।निजी स्कूलों में चल रही अनफिट बसे गाड़ियांक्षेत्र के निजी स्कूलों में अनफिटबसों में बच्चों का आवागमन किया जा रहा है।सौसर क्षेत्र के अंतर्गत संचालित होने वाली कई स्कूलों कोचिंग की बसें एक स्कूल कोचिग के बच्चों को ना लाते हुए चार से अधिक स्कूलों के बच्चों को लाने ले जाने का काम कर रही है। नगर के अलावा नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर संचालित होने वाली निजी स्कूलों कोचिंग में बच्चों को जल्दी पहुंचने के लिए बस संचालकों ड्राइवर में होड़ लगी रहती है। क्योंकि एक शिफ्ट को पहुंचाने के बाद में दूसरे स्कूल में पहुंचकर अन्य बच्चों को भी लाना ले जाना करना पड़ता है। जिसके कारण ही अक्सर दुर्घटनाएं घटित होती है।

### इनका कहना है

स्कूलों कोचिंग में अनफिट बसो गाड़ियोंका परिवहन खुलेआम हो रहा है।कोचिंग स्कूल में लगी एक बस क्षेत्र के कई स्कूलों के बच्चों को लाना ले जाना करने की काम कर रही है। जो कि गलत है। शिक्षा पुलिस,परिवहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा सौसर क्षेत्र के अंतर्गत चलने वाले सभी निजी स्कूलों में पहुंचकर बसों टैक्सियों ऑटो की चेकिंग जांच करनी चाहिए। तभी स्कूल कोचिंग में चल रही बसो की वास्तविक सत्यता सामने आएगी।

**पंकज ठाकरे जिला अध्यक्ष**
**पालक महासंघ मध्यप्रदेश**

## श्रीवास्तव कॉलोनी में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का किया महापाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है और ग्रुप द्वारा सुंदरकांड के साथ साथ राम नाप जाप धुन प्रभात फेरी द्वारा भी लोगो को धर्म से जोडा जाता है साथ ही ग्रुप ने रामनवमी में ऐतिहासिक रामजन्मोत्सव एवं नगर सहित संपूर्ण जिले के आसपास के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनायी है । इसी क्रम में ग्रुप द्वारा श्री राजेश चौरसिया जी के निजनिवास लगी नम्बर-7, वार्ड नं-14, श्रीवास्तव कॉलोनी छिंदवाड़ा में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का महापाठ किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,प्रदीप भारती,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,रिंकू ढोलक मास्टर,उमेश वंशकार, जित्तू यादव,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,राहुल बातरे,दिलीप चौधरी,पप्पू वंदेवार,दुर्गेश चंदेल आदि मौजूद रहे।

# छिंदवाड़ा में हुई भारतीय बौद्ध महासभा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

रविवार को भारतीय बौद्ध महासभा मिराताई अंबेडकर की महत्वपूर्ण बैठक बुद्ध नगर वार्ड नं 47 छिंदवाड़ा में संपन्न हुई है। तथागत बुद्ध एवं संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा अभिवादन एवं त्रिशरण पंचशील के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में भारतीय बौद्ध महासभा दक्षिण प्रदेश सचिव राजेश पाटिल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बीते दिनों गठित कार्यकारिणी जिला शाखा छिंदवाड़ा के अधूरे रिक्त पदों की पूर्ति की गई। बैठक में भारतीय महासभा जिला छिंदवाड़ा के अधीनस्थ जिले की तहसील नगर ग्रामीण शाखों के गठन के लिए आवश्यक विचार विमर्श किया गया। बैठक में आगामी समय में बौद्ध महासभा के माध्यम से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित करने हेतु प्रस्ताव पारित किए गए है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला भारतीय बौद्ध महासभा अध्यक्ष अशोक शेंडे ने कहा की समाज बंधुओ ने अंबेडकर परिवार के सदस्यों से जुड़कर काम करना चाहिए। तभी हम भारत को बौद्धमय बना पाएंगे। संपूर्ण जिले के गावो में गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। आगामी समय मे छिंदवाड़ा जिले में अंबेडकर परिवार के सदस्यों की उपस्थिति मेंविशाल बौध्द प्रशिक्षण शिविर एवं बुध्द धम्म सम्मेलन का आयोजन करने को लेकर चर्चा की गई है।बैठक में महासचिव निरंजन पाटिल, उपाध्यक्ष बबलू ठवरे, चरणदासजी गजभिए,संगठक सुनील वासनिक, मुकेश सहारे, पंचम पाटिल,सुंदर पाटिल, अर्जुन बौद्ध, अतुल सोमकुंवर, अनिल सोमकुंवर सरजूलाल ठवरे, सदस्य,अनूप अतुलकर, पंचम डेहरिया ,श्रीमती सुनीता ठवरे श्रीमती मीना ठवरे, वैशाली कुसुम, सुरेंद्र पाटिल, धर्मदास गजभिए आदि उपस्थित थे।

# अष्टांहिका पर्व पर नंदीश्वर दीप विधान का हुआ शुभारंभ



**छिंदवाड़ा।**- आषाढ़ शुक्ल अष्टमी रविवार के शुभ दिन आगामी आठ दिनों तक चलने वाले जैनदर्शन के अनादि निधन शाश्वत महापर्व श्री अष्टांहिका का मंगलमय शुभारंभ हुआ।इस प्रसंग पर नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवकों ने प्रातः काल की मंगल बेला पर श्री जिनबिंब प्रक्षालन से महोत्सव का शुभारंभ किया पश्चात बड़ी संख्या में श्रावक - श्राविकाओं ने मंगलगान करते हुए वीतरागी देव - शास्त्री - गुरु भगवंतों के साथ श्री नंदीश्वर दीप में विराजमान सर्व अक्रत्रिम जिनबिंबो की भाव सहित वन्दना कर उनकी पूजन कर श्री नंदीश्वर द्वीप 52 पूजन विधान का भव्य शुभारंभ किया। पूजन विधान के पश्चात सकल समाज ने विदिशा से पधारे बाल ब्रह्मचारी अमित भैय्या के मार्मिक प्रवचनों का लाभ लेकर निज शुद्धात्मा की महिमा जानी।ये रहे सौभाग्यशाली परिवार -आठ दिनों तक चलने वाले श्री नंदीश्वर दीप 52 पूजन विधान में मां जिनवाणी को विराजमान करने का सौभाग्य श्रीमती प्रमिला अशोक जैन, नयना ज्ञाता जैन वैभव परिवार को प्राप्त हुआ वहीं पंचमेरू को विराजमान करने का सौभाग्य श्रीमती संगीता दीपक राज जैन, मीना प्रमोद पाटनी, कीर्ति राजकुमार जैन, वर्षा राजू पाटनी एवं जुली श्रेय पाटनी को प्राप्त हुआ।

# एक पेड़ मां के नाम लक्ष्य पूरा करने में पिछड़ी पंचायतें




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

खंड पंचायत अधिकारी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को मेहदी रँगारी सवरर्णी अबाड़ी आदि का निरीक्षण करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार जंपं सौसर के क्लस्टर रंगारी जनपद पंचायत खंड पंचायत अधिकारी सुभाष ठाकरे के द्वारा सेक्टर में एक पेड़ मां के नाम पर पंचायतों का सघन भ्रमन निरीक्षण किया गया। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए श्री ठाकरे ने बताया की ग्राम पंचायत का रविवार को अचानक निरीक्षण किया गया।जिसमें हर ग्राम पंचायत पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत 1000 वृक्षारोपन करने का लक्ष्य दिया गया। निरीक्षण के दौरान अनेक पंचायत में सचिव एवं रोजगार सहायक लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए हैं। स्थल पंचायत में जाकर भौतिक सत्यापन किया गया है।तथा निर्देशित किया गया की भारत सरकार तथा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता योजना पर ग्राम को हरीयाली बनाने हेतु लक्ष से भी अधिक पौधे लगाया जाना चाहिए।यह निर्देश पंचायतों में जाकर दिये गये है।पंचायत में सचिव द्वारा शासन मिले लक्ष्य को यदि पूरा नहीं किया गया तो ऊनके उपर कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजे जायेंगे।

## विभिन्न मांगों को ज्ञापन सौंपने की तैयारी में ब्रासंस, रेसंस और नागरिक

# सोमवार को डीआरएम रेलवे स्टेशन का करेगी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती नमिता त्रिपाठी सोमवार को अपने मातहत कर्मचारियों के साथ रेलवे स्टेशन कटंगी सहित बालाघाट, नैनपुर, मंडला रेल पथ और स्टेशनों का निरीक्षण करेगी. डीआरएम के निज सहायक ने दौरा कार्यक्रम का शेड्यूल जारी कर दिया है. डीआरएम के साथ एडीआरएम (ओ), सीपीएम/जीएसयू, सीनियर डीईएन/कंपनी, सीनियर डीईएन/सी, सीनियर डीएसओ, सीनियर डीओएम सीनियर डीसीएम, सीनियर डीएसटीई, सीनियर डीईई/टीआरडी, सीनियर डीईई/ आरएस एण्ड जी, सीनियर डीएससी और डेन/एन निरीक्षण में साथ रहेंगे. डीआरएम सुबह 07 बजे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी जंक्शन से रवाना होगी. 08 बजे वह तुमसर रोड़ स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद 09 बजकर 40 मिनट पर कटंगी पहुंचेगी. यहां करीब 01 घंटे तक होगी. डीआरएम के कटंगी स्टेशन आने की सूचना मिलने पर ब्रॉडगेज संघर्ष समिति, रेल संघर्ष समिति और नागरिकों ने विभिन्न मांगों को लेकर मांग पत्र तैयार किए है. सभी मांग पत्र डीआरएम को सौंपे जाएंगे. दरअसल, रेलवे स्टेशन कटंगी में अभी भी कई तरह की असुविधाएं व्याप्त है. प्रमुख तौर पर देखा जाए तो रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली एप्रोच रोड़ (पुराना पेट्रोप पंप चौक से स्टेशन की तरफ आने वाला रास्ता) की हालत बहुत खराब है. इस सड़क के निर्माण की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है. वहीं दोनों ही तरह की प्रपोच रोड़ में प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प है. जिससे रात्रि में राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है. इसके साथ ही राहजनी का खतरा भी बना रहता है. कटंगी स्टेशन में प्लेट फार्म नंबर 02 का करीब ढाई वर्षों से कार्य अपूर्ण है इसे पूरा कराने और रेलवे स्टेशन की लंबाई बढ़ाने सहित नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन कर कटंगी की तरफ से चलाने की मांग की जानी है. स्टेशन में पेयजल व्यवस्था, सुलभ प्रसाधन व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन लगाने की मांग की जाएगी. डीआरएम को तिरोड़ी रेलवे स्टेशन के पास स्थित तिरोड़ी से खवासा मुख्य सड़क मार्ग पर निर्मित ओवर ब्रिज की जर्जर हालत से भी अवगत करवाया जाएगा. इसके अलावा तिरोड़ी स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण जो कि स्वीकृत है परंतु अब तक टेंडर नहीं हुआ है. इसका शीघ्र ही टेंडर कराए जाने की मांग की जाएगी।

## हम फाउंडेशन के तत्वावधान में विधायक विवेक पटेल ने शासकीय चिकित्सालय में किया वृक्षारोपण

# पेड़ लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी जरूरी : पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




पेड़ हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं, पेड़ों के बिना धरती पर जीवन सम्भव नहीं हैं, आज लगातार कटते पेड़ों की वजह से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा हैं। वायुमंडल में ऑक्सीजन की कमी की वजह से वायुमंडल भी प्रदूषित हो रहा हैं। जिससे मौसम चक्र में परिवर्तन होने लगा हैं, जो आने वाले समय में मानव जगत सहित सम्पूर्ण जीव जंतुओं पर इसका बेहद खतरनाक असर पड़ेगा। यही मौका और समय हैं, जब हम सब लोगों को प्रकृति को बचाने के लिए लगातार कट रहे पेड़ों को कटने से बचाने के साथ ही बड़े स्तर पर पौधारोपण करने के साथ ही उन्हें बड़ा करना होंगा, तभी हम लगातार बढ़ते धरती के तापमान और बिगड़ते पर्यावरण को काबू में कर सकते हैं।

उक्त उद्गार क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने रविवार 14 जुलाई को शहर की सामाजिक संस्था हम फाउंडेशन द्वारा स्थानीय शासकीय चिकित्सालय में आयोजित पौधारोपण एवं मरीजों के फल वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के बीच व्यक्त किए। इससे पूर्व उन्होंने चिकित्सालय परिसर में पौधारोपण कर मरीजों को फल वितरण कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान करते हुए सभी से अपने घरों के सामने एक पौधा लगाकर उसके पेड़ बनने तक पौधे का पालन बच्चों की तरह करने का आव्हान किया। विधायक पटेल ने इस दौरान चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहाँ की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर उपस्थित स्टॉफ और डॉक्टरों से अस्पताल की समस्याओं की जानकारी लेकर उन समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

### हर व्यक्ति अपने घरों के सामने एक पेड़ अवश्य लगाए -विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि पर्यावरण बचाने का एक मात्र उपाय अधिक से अधिक पेड़ लगाना हैं। जब भी हमें कोई अवसर मिले, एक पौधा अवश्य लगाएं। पौधों को लगाने के साथ-साथ उनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी हमारी हैं। इसके लिए हमेशा सदैव तत्पर रहना चाहिए और दूसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यही पेड़ बड़े होकर हमें हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण ऑक्सीजन सहित विभिन्न तरह के लाभकारी फल, औषधी सहित अनेकों ऐसी चीजें इन पेड़ों से प्राप्त होती हैं।

# कोड़बी में ढोरफोड़ी की जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर की जा रही खेती



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी तहसील के ग्राम कोड़बी में ढोरफोड़ी के लिए चिन्हित भूमि पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर खेती की जा रही है. गांव के ही कुछ लोगों ने यहां पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर खेती करना शुरू कर दिया है. कोड़बी की खसरा नंबर 79 की 4.66 रकबा भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है. पूर्व सरपंच विजय मेश्राम सहित अन्य ग्रामीणों ने इस पूरे मामले को लेकर सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की है. ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ स्वार्थी लोगों के द्वारा ढोर-फोड़ी की जमीन पर कब्जा कर खेती किए जाने से मौजूदा वक्त में कुछ दिक्कतें हो रही है और भविष्य में यह समस्या विकराल रुप ले सकती है. उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन की घोर लापरवाही की वजह से यह स्थिति निर्मित हुई है. प्रशासन में बैठे अधिकारियों को समय रहते अतिक्रमण की सूचना दी जा चुकी थी. किंतु अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया. शिकायतकर्ता पूर्व सरपंच और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से भूमि का अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है ताकि गांव के मवेशियों के लिए चरनोई भूमि सुरक्षित रखी जा सके।

# कपड़े की थैली मेरी सहेली अभियान छोटे, बड़े व्यापारियों में जागरूकता अभियानः खोंगल




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के डिप्टी डायरेक्टर व चेयरमैन लांजी विशाल राउत खोंगल ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के 50 वे वर्ष में प्रवेश करने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव पर समाजसेवी संस्था महावीर इंटरनेशनल बालाघाट जिला शाखा द्वारा संस्था के स्थापना के 50वे वर्ष में प्रवेश के शुभ अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने हेतु अपने अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन जी की मंशा के अनुरूप राष्ट्रीय निर्देशक श्री राठौर एवं वरिष्ठ मार्गदर्शक श्री सोहन वैद्य जी पूर्व अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष और संस्था की प्रेरणा से वृहत जागरूकता अभियान का शुभारंभ लांचिंग हेतु प्रचार अभियान हेतु , बैनर की लांचिंग जिला मुख्यालय में बालाघाट सिवनी सांसद वीरा श्रीमती भारती पराधी, नगर पालिका अध्यक्ष वीर श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर के आतिथ्य में पूर्व बीजेपी अध्यक्ष रमेश रंगालानी चेंबर अध्यक्ष अभय सेठिया की उपस्थिति में भव्य गरिमामय लांचिंग की गई जिसमे युवा व्यापारी, महावीर इंटर नेशनल के पदाधिकारी सदस्य अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर तरुण सुराना, महाकौशल जोन चेयरमेन वीर अभय सेठिया, पूर्व महाकौशल जोन चेयरमेन वीर सुशील जैन, वीर राकेश सचान, वीर महेंद्र टांक, वीर सिधकरण कांकरिया, वीर प्रणव पटेल वीर ज्ञानचंद कांकरिया वीर मुलायम जैन, वीर राजेंद्र यादव, वीर दीपक छाजेड़ के साथ युवा साथी जैन समाज के सचिव श्रेयांश वैद्य की उपस्थिति कराए गया।

महावीर इंटरनेशनल पूर्व अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री वीर सोहन वैद्य जी के मार्गदर्शन में बालाघाट जिले में सिंगल पलस्टिक के उपयोग को रोकने के लिए समाज सेवियों के सहयोग से लोगों को जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के लिए चलने वाले जन जागरूकता अभियान तहत लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरों की जानकारी देते हुए इस्तेमाल नहीं करने की अपील की जाएंगी। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और बाजार से सामान लाने के लिए घर से जूट या कपडे.का थैला लेकर जाने की शपथ दिलाई जाएंगी, कपड़े की थैली मेरी सहेली अभियान के तहत महावीर इंटरनैशनल का अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा हैं।

# प्रगतिशील कुनबी समाज ने किया समाज के प्रतिभावान 124 बच्चो का सम्मान, मनाया गया समाज का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



समाज की प्रतिभाओं का प्रोत्साहित करने की मंशा से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रगतिशील कुनबी समाज के 33 वें स्थापना दिवस पर समाज के प्रतिभावान छात्र, छात्राओं का सम्मानित किया गया।

14 जुलाई को समाज के छत्रपति शिवाजी सांस्कृतिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि संरक्षक भागवत कुथे, मनीराम भोयर, सीमा सिंह, अध्यक्ष सुनील खोटेले, शिवशंकर शिवणकर, श्रीराम दानी, रवि दोनाड़कर उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य और हिन्दु सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज, संत तुकाराम और सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने समाज के स्थापना दिवस और प्रतिभावान बच्चों को प्रेरित किया।

जिसके बाद अतिथियों के हस्ते समाज के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित करने वाले 124 सामाजिक छात्र, छात्राओं को नगद राशि, प्रमाण पत्र और मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

जिलाध्यक्ष सुनील खोटले ने बताया कि 14 जुलाई 1991 को प्रगतिशील कुनबी समाज की स्थापना, समाज के आराध्य और हिन्दवी स्वराज की स्थापना करने वाले शिवाजी महाराज के आदर्शो पर लेकर की गई थी। चूंकि यह शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित हिन्दवी स्वराज स्थापना का 350 वां वर्ष देश मना रहा है। जिसकी उत्साह भी सामाजिक लोगो में है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस पर सामाजिक प्रतिभाओ का सम्मान, समाज की ओर से प्रोत्साहन के रूप में होता है ताकि समाज के अन्य बच्चों को इससे प्रेरणा मिले।

इस दौरान कीर्ति ठाकुर, दिलीप बहेकार, शिवचरण घोरमोड़े, सेवक कुथे, प्रेमलाल हाथिमारे, बेनीराम झलपे, सेवकराम पेंढर, देवन दानी, कामेश्वर ढबाले, संजय डायरे, हीरालाल ढांडे, प्रमोद सपाटे, चैतराम सपाटे, विनोद पारधी, अरविंद पारधी सहित अन्य सामाजिक बंधु, प्रतिभावान छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

# छपारा परिषद के अधिकारियों के संरक्षण और अनदेखी के चलते नगर में हो रहे करोड़ों के घटिया निर्माण कार्य

## ठेकेदार और पार्षद की मिलीभगत से नाली का हो रहा घटिया निर्माण





मुख्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते गुणवत्ता विहीन कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है।

**हरिभूमि न्यूज। छपारा। नगर परिषद छपारा में इन दोनों पक्के निर्माण कर जिसमें कंक्रीट सड़कें नारियां, शौचालय, बिल्डिंगो के निर्माण कार्य ठेकेदारों द्वारा करवाये जा रहे है**

उक्त कार्यों में नगर परिषद के तकनीकी अधिकारियों

### शिवनगर वार्ड 3 लालमाटी में घटिया नाली का हो रहा निर्माण

नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 3 लालमाटी क्षेत्र में बीते तीन माह से नाली का निर्माण कार्य प्रारंभ है जो वर्तमान में भी अधूरा है और उक्त नाली निर्माण में कोई भी तकनीकी मापदंडों को नहीं अपनाया जा रहा है ठेकेदार अपनी मनमर्जी से नाली निर्माण को करवा रहा है घटिया कंकरीट मैटेरियल का उपयोग कर नाली बनाई जा रही है नाली से पानी निकासी जल भराव को लेकर समस्या बनी हुई है ठेकेदार ने वर्तमान में करीब 150 फीट लंबी नाली का निर्माण किया है जहां पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही है उक्त नाली की दीवारें सीसी सड़क से करीब 1 से 2 फीट नीचे हैं जबकि नाली की दीवारें सीसी सड़क के बराबर ऊंचाई में होना चाहिए था नाली की दीवारें सांप के आकार में बिना ड्राइंग नक्शा की बनाई जा रही है जहां परिषद के कोई भी उपयंत्री ना अधिकारी पहुंच रहे हैं ना ही घटिया कार्य में अंकुश लगाता जा रहा है कहीं ना कहीं वार्ड के पार्षद की मिली भगत और परिषद के तकनीकी अधिकारियों के संरक्षण में ठेकेदार गुणवत्ता विहीन घटिया नाली का निर्माण करवा रहा है

### 8 एम एम सरिया का हो रहा प्रयोग

नाली निर्माण में ठेकेदार द्वारा 8 एम एम लोहा की सरिया का उपयोग किया जा रहा है जबकि नाली में सरिया लगने का मापदंड कम से कम 10 एम एम होना चाहिए सरिया की दूरी इंच के आधार पर ड्राइंग नक्शा अनुसार होना चाहिए लेकिन परिषद के अधिकारी बड़ी बचत करने और कमीशन के खेल में ठेकेदारों को संरक्षण देकर नगर में घटिया निर्माण कार्य करवा रहे हैं।

### नाली निर्माण में हुई दुर्घटना

लालमाटी क्षेत्र की घटिया नाली निर्माण में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है जिसके चलते बीते दिवस 8 साल का बच्चा गिर गया और उसके चेहरे पर नालियों में लगी लोहे की सरिया समा गई वर्तमान में बच्चे का इलाज छपारा अस्पताल में चल रहा है।

### नगर अध्यक्ष और अधिकारियों को नहीं है सुध

छपारा नगर क्षेत्र में घटिया निर्माण कार्य होने को लेकर नगर परिषद के अध्यक्ष और सीएमओ सहित उपयंत्री को कार्यालय से निकलने की फुर्सत नहीं है निर्माण स्थल पर ना तो अध्यक्ष पहुंच रहे है ना ही अधिकारी जिसके चलते ठेकेदार करोड़ों के कार्यों को गुणवत्ता विहीन करवा रहे हैं कार्यों की गड़बड़ी के मामले में कोई भी बोलने वाला नहीं है

### वार्ड वासियों ने बताया हकीकत

जब लालमाटी क्षेत्र की घटिया नाली निर्माण को देखने के लिए छपारा मीडिया के लोग पहुंचे तो वार्ड के दो दर्जन वासियों ने बताया कि नाली के निर्माण में कोई भी तकनीकी मापदंड को नहीं अपनाया गया है नाली सांप जैसे आकृति में बनाई जा रही है घटिया मटेरियल सीमेंट रेत का प्रयोग हो रहा है 8 एमएम सरिया लगाई जा रही है नाली की दीवार रोड से 1 से 2 फीट नीचे हैं जो भविष्य में दुर्घटना का कारण बनेगी नाली में जल भराव बना हुआ है भविष्य में जल निकासी भी नहीं होगी नाली का काम तीन माह से चालू है जितना काम हुआ है वह भी घटिया स्तर से हुआ है अभी तक कोई भी अधिकारी देखने नहीं आये है वार्ड का पार्षद और ठेकेदार मिलकर घटिया कार्य को अंजाम दे रहे हैं कहीं ना कहीं अधिकारियों का इन ठेकेदारों पर संरक्षण बना हुआ है जिसके चलते घटिया काम हो रहे हैं।

### इनका कहना

लालमाटी क्षेत्र की नाली निर्माण होने से पूर्व मैंने मौका स्थल देखा था ठेकेदार द्वारा कैसा कार्य करवाया जा रहा है मैं उपयंत्री को भेज कर दिखाता हूं।

**श्याम गोपाल भारती**
**मुख्य नगर परिषद अधिकारी छपारा**

## खबर संक्षेप



### पति ने पत्नी को पत्नी का मुंह फूला

**सिवनी।** कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव पाथरफोड़ी में एक पति ने अपनी पत्नी के मुंह पर जमकर वार कर दिया। पिटाई के बाद पत्नी का मुंह बुरी तरह से सूज गया है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। वही पीड़ित पक्ष में कान्हीवाड़ा थाना पुलिस पर शिकायत दर्ज नहीं किए जाने का भी आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय शिवकुमारी उईके को उसके पति राजू उईके ने शुक्रवार को जमकर पिटाई कर दिया। वहीं शिवकुमारी के चाचा ने बताया कि राजू उईके वाहन चालक है जिसके दो बच्चे भी हैं। वहीं राजीव ने एक और अन्य महिला को अपने साथ रखा है। जिसके भी दो बच्चे हैं और दूसरी कथित पत्नी नागपुर में रहती है। पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर शुक्रवार को विवाद होने पर गाड़ी चालक राजू ने पत्नी शिव कुमारी की पिटाई कर फरार हो गया। घायल को परिजनों ने उपचारार्थ जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसका उपचार जारी है। वहीं परिजनों ने कान्हीवाड़ा थाना पुलिस पर कार्यवाही नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए बताया कि शिवकुमारी के मुंह व सिर में गहरी चोट लगने पर परिजन पहले कान्हीवाड़ा थाना रिपोर्ट दर्ज करने पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। घायल का उपचार फिलहाल जिला अस्पताल सिवनी में जारी है।

# प्रबंधक पर 16 लाख 28 हजार 735 रुपया गबन के मामले में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

शासकीय उचित मूल्य दुकान खैररांजी के विक्रेता जगन्नाथ वासुदेव एवं संजय बाघमारे पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7, भारतीय न्याय संहिता की धारा 409 एवं 34 के तहत एफआईआर दर्ज़ कर मामले को विवेचना में लिया है ।

### क्या है मामला

पूर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केवलारी आशीष (IAS) द्वारा दिनांक 24/04/2024 को आदेश ज़ारी कर शासकीय उचित मूल्य दुकान खैररांजी के विक्रेता जगन्नाथ वासुदेव पर एफआईआर दर्ज़ करने एवं वसूली के निर्देश कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी केवलारी को ज़ारी किए जा चुके थे। किंतु लगभग तीन माह बीत जाने के उपरांत भी उक्त मामले में उक्त विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही थी। पत्रकार संजीत सिंह बघेल जी द्वारा ज़िले की बेहद सवेदनशील ज़िला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन जी के समक्ष प्रस्तुत होंकर, उक्त मामले से उन्हें अवगत कराया इसके उपरांत उनके ही हस्तक्षेप से एफआईआर दर्ज हो सकी है ।

### पीओएस माशीन और भौतिक स्टॉक मे नहीं मिली समानता

**प्राप्त जानकारी अनुसार निरीक्षण समय पीओएस मशीन में दर्ज स्टाक कि जानकारी ऑनलाइन प्राप्त की गई जिसमें चांवल 33176.77 किलोग्राम, गेहूं 8698.02 किलोग्राम, नमक 2655 किलोग्राम, शक्कर 23 किलोग्राम दर्ज होना पाया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान खैररांजी मे माह मार्च का प्राप्त एवं निरीक्षण दिनाक 22/03/2024 तक दुकान को प्राप्त, वितरित एवं शेष खाद्यान्न की जानकारी आनलाइन प्राप्त की गयी जो भौतिक रूप से कम प्राप्त हुई। गेहूं 86 क्विटल 97 किलो, चांवल 331 क्विंटल 76 किलो, नमक 26 क्विटल 50 किलो एवं शक्कर 23 किलो दुकान के स्टाक में व पीओएस मशीन की तुलना में भौतिक रूप से कम प्राप्त हुआ है । जिससे यह प्रमाणित होता है कि विक्रेता के द्वारा उक्त खाद्यान्न कि कालाबाजारी की गयी है जो विक्रेता से वसूली योग्य है।उक्त मामले मे कलेक्टर के आदेश पर संबंधित खाद्यान विभाग के अधिकारी को तलब कर निर्देश दिया गया था कि उक्त संबंध में एक दिवस के अंदर उचित मूल्य दुकान की विक्रेता जगन्नाथ वासुदेव पर**

# *62 वर्षीय वृद्ध मां को कलयुगी बेटा ने पीटा*

**सिवनी।** एक कलयुगी पुत्र ने अपनी वृद्ध मां की निर्ममतापूर्वक पिटाई कर दिया। किराए के घर में रह रहे अपने छोटे बेटे के घर से मां अपने निजी घर जहां दो बेटे रहते हैं वहां गेहू लेने शुक्रवार को गई थी। अनाज व अन्य हिस्सा देने से नाराज कलयुगी मजले बेटे ने वृद्ध मां को हाथ व लाठी से जमकर पिटाई कर दिया।



जख्मी मां का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 62 वर्षीय वृद्ध मां श्यामा कुशवाहा पति स्वर्गीय मनुवा प्रसाद कुशवाहा का मकान बिंझावाड़ा में है। मां के नाम पर खेती व मकान है। वहीं श्यामा के तीन बेटे व दो बेटी हैं जिसमें सबसे छोटा बेटा अविवाहित है। पढ़ाई कर रहे छोटे बेटे विकास के किराए के घर से शुक्रवार को दोपहर मां गेंहू लेने बिंझावाड़ा पहुंची। जहां उसके दो बेटे मुकेश व जितेंद्र कुशवाहा रहते हैं। जहां इस बात से नाराज मंझले बेटे जितेंद्र ने मां के ऊपर हाथ उठा दिया। कलयुगी बेटा मां को घर पर मारते हुए बाहर निकाल कर भी पिटाई करने से नहीं चूका। जख्मी हालत में लोगों ने उपचार के लिए वृद्ध को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

# मध्यप्रदेश के अतिथि विद्वानों की पीड़ा पहुंची राष्ट्रपति तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मप्र उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अतिथि विद्वानों की नियुक्ति मेरीट के आधार पर पूर्णतया पारदर्शी तरीके से की जाती है। वही प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री और पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री ने भी अतिथि विद्वान महापंचायत में अतिथि विद्वानों के स्थाईत्व का वचन दिया था। इसके बाद भी मध्यप्रदेश के अथिति विद्वानों का अभी तक कुछ नहीं हुआ। जिसे लेकर अतिथि विद्वानों ने राष्ट्रपति से गुहार लगाई है। डॉ टी.पी. सागर प्रदेश कार्यकारिणी, सदस्य एवं जिला संयोजक अतिथि विद्वान नियमितीकरण संघर्ष मोर्चा भोपाल मध्य प्रदेश सिवनी मध्य प्रदेश ने बताया कि अतिथि विद्वान पद पर नियुक्ति देते समय अतिथि विद्वानों से इस आशय का शपथ पत्र लिया जाता रहा है कि अतिथि विद्वान अन्यत्र कहीं शैक्षणिक और अशैक्षणिक कार्य नहीं कर सकते। अतिथि विद्वानों की आजिविका का एकमात्र आधार यह कार्य है। अतिथि विद्वान नियमित सहायक प्राध्यापक के समान समस्त शैक्षणिक और अशैक्षणिक कार्य करते हुए कार्य में दक्ष है। यह कि 1991 से 2017 के मध्य नियमित भर्ती परीक्षाएं ना होने से और तत्पश्चात 2017 से अब तक प्रतिवर्ष नियमित भर्ती परीक्षाएं ना होने से अधिकांश अतिथि विद्वानों की आयु 40 से 58 के मध्य हो गई है। यह कि किसी भी भर्ती परीक्षा का उद्देश्य योग्य अभ्यर्थियों का चयन होता है ।चयन पश्चात उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे कि वे कार्य को दक्ष तरीके से कर सकें । अतिथि विद्वान मेरीट आधार पर चयनित है । कार्य का अनुभव रखते हैं ।हर वर्ष श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देते हुए उच्च शिक्षा विभाग को गति देते रहे हैं। किसी भी राज्य का उद्देश्य नागरिकों का कल्याण होता है । अगर स्थानांतरण या नियमित नियुक्ति से अतिथि विद्वानों को विस्थापित किया जाता है तो उनके और उनके परिवार के समक्ष जीवन यापन का गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा । पूर्व में भी इस तरह के विस्थापन से कुछ अतिथि विद्वान निराशा में आत्मघाती कदम उठा चुके हैं । यह कि पूर्व में भी मप्र उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तदर्थ व अन्य आधार पर नियुक्त किये गये अंशकालिक प्राध्यापको को पीएससी से नियमित होने की बाध्यता से मुक्त कर नियमित किया गया है। मप्र में भाजपा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह जी चोहान ने भी अतिथि विद्वानों की व्यथा को महसुस करते हुए कहा था – " इस उम्र में ये अतिथि विद्वान कहा जाएंगे ।रिक्त पदों पर इन्हें नियमित कर दिया जाए " प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्रीजी और पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री जी ने भी अतिथि विद्वान महापंचायत में अतिथि विद्वानों के स्थाईत्व का वचन दिया था। डॉ टी.पी. सागर प्रदेश कार्यकारिणी, सदस्य एवं जिला संयोजक अतिथि विद्वान नियमितीकरण संघर्ष मोर्चा भोपाल मध्य प्रदेश सिवनी मध्य प्रदेश ने मांग की है कि मप्र के आपके अपने अतिथि विद्वानों को सहायक प्राध्यापक सेवा में समायोजित कर स्थाईत्व प्रदान करे। अतिथि विद्वान और उनका परिवार सदैव आपके आभारी रहेंगे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 347 में हर कदम पर हुए गहरे गड्ढे, सात माह पहले ही दोबारा बनी थी सड़क

**मुख्यालय को छिंदवाड़ा होते हुए भोपाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 347 में हर कदम पर गहरे गढ्डे हो गए हैं।कई स्थान पर तो डेढ़ से दो फीट चौड़े व करीब एक फीट गहरे गढ्डे हो गए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



इससे इस मार्ग से आने जाने वाले राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।साथ ही हादसे की आशंका भी बनी हुई है।करीब सात माह पहले ही गढ्डों में तब्दील इस सड़क को उखाड़कर दोबारा बनाया गया है।सात माह में ही सड़क फिर गढ्डों में तब्दील हो गई है।

इस मामले में एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया है कि सड़क में गढ्डे होने के बाद सुधार कार्य नहीं करने पर ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है।एक सप्ताह में सुधार कार्य शुरू नहीं करने पर ठेकेदार से ना केवल राशि की वसूली की जाएगी, बल्कि दूसरे ठेकेदार को काम सौंपने की कार्रवाई की जाएगी।

सिवनी-छिंदवाड़ा के बीच गड्ढों भरे सड़क की शिकायत गांवों के लोग कई बार कर चुके हैं।वहीं इस मार्ग से आने जाने वाले राहगीरों का कहना है कि जब सड़क गढ्डों में बदल गई है और राहगीरों को आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो फिर इस मार्ग पर फुलारा के पास स्थित टोल प्लाजा में टोल क्यों वसूल किया जा रहा है।लोगों का कहना है कि एनएचएआइ को सड़क की हालत देखनी चाहिए।वर्षा के इन दिनों में गड्ढों में भरे पानी के कारण लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं।जब तक सड़क की पूर्ण मरम्मत नहीं हो जाती, तब तक टोल टैक्स की वसूली को भी स्थगित किया जाना चाहिए।सिवनी विकासखंड क्षेत्र के कई किसान ऐसे हैं, जिनका रहना तो सिवनी में लेकिन खेती कारीरात, फुलारा, समसवाड़ा और पीपरडाही क्षेत्र या उससे आगे छिंदवाड़ा जिले की सीमा में है।ऐसे में इन लोगों को खेती आदि के कार्यों के लिए सिवनी से अपने गांव आना-जाना पड़ रहा है।सड़क बर्बाद होने के कारण उन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही टोल प्लाजा में टैक्स की भरपाई करना पड़ है।इससे लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

### इनका कहना है

यह सही है कि सिवनी से छिंदवाड़ा मार्ग पर कई जगह गढ्डे हो गए है। इस मामले में सड़क बनाने वाले ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा चुका है। एक सप्ताह के अंदर काम शुरू नहीं करने पर ठेकेदार से वसूली की जाएगी। साथ ही दूसरे ठेकेदार से सुधार कार्य कराने की कार्रवाई की जाएगी।

संजीव शर्मा,प्रोजेक्ट डायरेक्टर,



# केवलारी पुलिस द्वारा पोर्टल का उपयोग कर खोजे गये गुम मोबाईल

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** आशीष भराड़े के मार्गदर्शन में आमजन के गुम हुये मोबाईल की CEIR पोर्टल का उपयोग कर कुल 06 मोबाईल ट्रेस कर मोबाईल के मालिको कृष्ण कुमार यादव निवासी बोथिया, शिवा ठाकुर निवासी लोपा, रजनीश भलावी नि. केवलारी, कुलदीप झारिया निवासी सुकतरा, नवनीत राकेशिया निवासी मुनगापार, रामकुमार जंघेला निवासी मोहगांव को सूचित कर थाना बुलाया गया तथा आज दिनांक को थाना परिसर केवलारी में उनके गुम हुये मोबाईल वापस किये गये।



# एक पेड़ मां के नाम पर मोक्षधाम पलारी में हुआ पौधारोपण





**केवलारी-** असंतुलित पर्यावरण को बास्तविक स्वरूप धरती के हरित सिंगार के लिए चलायी जा सरकार की मुहिम का असर हर क्षेत्र पर जागरूकता का परिचय दे रहा है। इसी श्रृंखला में केवलारी विधानसभा का मिनी पंजाब कहलाने बाले पलारी मुख्यालय के मोछधाम पर आनंद रजक पत्रकार, लेखराम डेहरिया रिटायर्ड शिक्षक के मार्गदर्शन में खेरापलारी के जागरुक नागरिकों ने एक पेड़ मां के नाम पर अभियान पर दिनांक 14 जुलाई को स्थानीय मोछधाम पौधे लगाने का अभियान चलाया।

# सतयोगी सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट द्वारा बालाघाट जिले में पौधरोपण



**बालाघाट।** जिले के विकासखंड किरनापुर की सारद पंचायत में ग्रामीणो के खेत की मेढो में वृक्षारोपण किया गया जिसमें समिती अध्यक्ष सीमा गढ़पायले द्वारा ग्रामीणो को एक पेड़ मां के नाम अभियान की जानकारी दी गई जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से सभी खेतों की मेढ़ो पर सदस्य कुलदीप डोंगरे द्वारा आम अमरूद एवं सागवान के वृक्ष लगाए गए, जिनकी आगामी दिनों में रक्षा करने के लिए ग्रामीणों से अपील की गई एवं समय-समय पर वृक्षों का सही रूप से देखरेख हो सके इसके लिए ग्रामीणों को समझाइस भी दी गई एवं सप्ताह में वृक्षों के निरीक्षण करने के लिए समिति सदस्य श्री अतुल देशभरतार द्वारा ग्रामीणो को अवगत करवाया गया।

# अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

/राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के 55 महाविद्यालयों का उन्नयन करते हुये प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। एक्सीलेंस कॉलेज के रूप में चयनित शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी का उद्घाटन समारोह श्री दिनेश राय विधायक, सिवनी के मुख्य आतिथ्य, श्री आलोक दुबे जिलाध्यक्ष भाजपा की अध्यक्षता एवं श्रीमती मालती डेहरिया अध्यक्ष जिला पंचायत, सिवनी, सुश्री संस्कृति जैन, कलेक्टर एवं श्री सुनील मेहता, पुलिस अधीक्षक के विशिष्ट आतिथ्य में महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर पूजन अर्चन के बाद फीता काटकर शुभारंम किया गया। अभिनव प्रयास के रूप में प्रारंभ किये गये भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ट, हिन्दी ग्रंथ अकादमी सेल काउंटर तथा विवेकानंद युवा संसाधन केन्द्र का शुभारंभ किया गया।

मुख्य समारोह महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया गया। जिसमें मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवन कर संवेत स्वर में राष्ट्रगान हुआ। महाविद्यालय परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत तथा शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने अपने स्वागत संबोधन में एक्सीलेंस कॉलेज की संकल्पना के अनुरूप महाविद्यालय में उपलब्ध अध्ययन, शोध एवं व्यक्तित्व व कौशल विकास कार्यक्रमों का विद्यार्थियों से अधिकाधिक लाभ लेने के लिये प्रोत्साहित किया। 5000 से अधिक छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में श्री दिनेश राय विधायक सिवनी ने एक्सीलेंस कॉलेज की सौगात मिलने पर बधाई दी और कहा कि पढ़ लिख कर न केवल नौकरी करने वाले बल्कि नौकरी देने वाले बने। इस महाविद्यालय में बहुत बड़ी छात्र संख्या को देखते हुये आवश्यकता के अनुरूप संसाधन जुटाने के लिये भरसक प्रयास करूंगा। कलेक्टर संस्कृति जैन ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुये महाविद्यालय में प्राप्त ज्ञान को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करते हुये आगे बढ़ने की बात पर जोर दिया। वही पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता में अपने उद्बोधन में एक्सीलेंस कॉलेज बनने पर शुभकामनाएं देते हुये न केवल छात्र/छात्राओं को बल्कि प्राध्यापकों को भी एक्सीलेंस को भी एक जिम्मेदारी लेने को कहा। जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय ने वर्तमान समय में विद्यार्थियों सहित महाविद्यालयीन अधिकारियों, कर्मचारियों को जिम्मेदारियों के साथ काम करने की बात कही एवं हर संभव सुधारात्मक प्रयासों में साथ खड़े होने पर जोर दिया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आलोक दुबै ने सर्वप्रथम प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत व ज्ञान परंपरा से जुड़ते हुये आईआईटी दिल्ली के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक की आधुनिकतम शिक्षा की सुविधा इस महाविद्यालय में सौगात के रूप में मिली है। जिसका लाभ लेकर हमारे विद्यार्थी महाविद्यालय सहित प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।कार्यक्रम संचालक डॉ. एमसी सनोडिया ने पावरपाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधन, नवीन पाठ्यक्रम व शैक्षणिक सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 11 इंच से अधिक हुई वर्षा

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 281.4 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो 1 जून से लेकर अब तक 11 इंच से अधिक वर्षा चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा बैहर तहसील में 15 इंच से अधिक यानी 387.8 मिमी हुई है। इसके बाद वारासिवनी में 362.9 मिमी 14 इंच से अधिक, परसवाड़ा में 356.5 मिमी 14 इंच से अधिक, बिरसा में 326.5 मिमी. करीब 13 इंच, तिरोड़ी में 301.1 मिमी करीब 11 इंच, बालाघाट में 291 मिमी 12 इंच के लगभग, लालबर्रा में 287 मिमी 11 इंच से अधिक, कटंगी में 255.8 मिमी 10 इंच से अधिक, किरनापुर में 199.4 मिमी लगभग 8 इंच, लांजी में 185.1 मिमी 7 इंच से अधिक और सबसे कम खैरलांजी में 144.6 मिमी अर्थात 5 इंच से अधिक वर्षा हुई है।

### नंदिनी वर्मा का निधन, अंत्येष्टि आज

**बालाघाट।** बालाघाट नगर के वार्ड नं-20, अन्नपूर्णा मंदिर निवासी मनोज वर्मा की पत्नी श्रीमती नंदिनी वर्मा का आज दिनांक 14-जुलाई दोपहर 3 बजे निधन हो गया। जिनकी कल दिनांक 15 जुलाई के दोपहर 2 बजे निज निवास अन्नपूर्णा मंदिर के पास से मोक्षधाम हेतु अंतिम यात्रा निकाली जायेगी। श्रीमती नंदनी वर्मा उम्र 50 वर्ष पिछले छह माह से बीमार थी एक दिन पूर्व तबीयत ज्यादा खराब होने की वजह से उन्हें जिला चिकित्सालय के सघन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया था। जहां दोपहर में उपचार के दौरान उनका स्वर्गवास हो गया। श्रीमती वर्मा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रह चुकी है। उनकी दो पुत्रियां पलक, काव्या हैं जो कि भोपाल में अध्यनरत है। इस निधन पर स्नेहीजनों सहित अन्य ने शोक व्यक्त कर मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।



### ई-दक्ष केंद्र में सीपीसीटी का प्रशिक्षण प्रारंभ

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार शासकीय तथा अशासकीय नौकरियों के लिये आवश्यक कंप्यूटर कोर्स सीपीसीटी के लिए पुराने कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में पंजीयन करवा सकते हैं। यहाँ आधुनिक कंप्यूटर से सुसज्जित लैब में कंप्यूटर और टाइपिंग के अलावा आईटी संबंधी परीक्षापयोगी महत्वपूर्ण जानकारियां सैन्धान्तिक और प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षकों द्वारा बताई जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर संबंधी समस्त आवश्यक जानकारियां जैसे आधारभूत ज्ञान, इन्टरनेट & ई-मेल, एडवांस एम एस ऑफिस, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग आदि महत्वपूर्ण विषय पढाये जायेंगे। इन्टरनेट कनेक्टिविटी की उपलब्धता वाले प्रशिक्षण केंद्र में परीक्षा उतीर्ण करने हेतु प्रैक्टिस टेस्ट भी करवाए जायेंगे। इसके अलावा केंद्र में हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग भी बहुत सरल और साधारण तरीके से सिखाई जाते है साथ ही प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किये जाते हैं। इस केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर बहुत से अभ्यर्थी सीपीसीटी का स्कोर कार्ड भी अच्छे अंको से प्राप्त कर चुके है।

### चिचगांव गौशाला परिसर में लगाये एक पेड़ माँ के नाम

**बालाघाट।** शनिवार को अवकाश के दिन को चिचगांव की गौशाला परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के रूप में मनाया गया। परिसर में 1000 पौधें लगाए गए। इसमें फलदार व छायादार पौधों के अलावा सजावटी पौधें भी लगाए गए। पौधरोपण में जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा, एसडीएम गोपाल सोनी, सीईओ जनपद श्रीमती ममता कुलस्ते के साथ ही आजीविका मिशन की दीदियां और जनपद का अमला भी शामिल हुआ।

## जनपद अध्यक्ष आशु बघेले अपने आप को सरकारी आफिसर बताकर मांगती हैं पैसा: राजपूत

# अवैध वसूली का जनपद पंचायत अध्यक्ष पर लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वैध रेत घाटों पर पहुंच कर डंपरों को रोक कर अवैध वसूली की मांग करना और पैसा नहीं देने पर झूठे प्रकरणों में फंसाने की धमकी देना साथ ही साथ अपने आप को जनपद पंचायत खैरलांजी अध्यक्ष आशु गुणाराम बघेले के द्वारा सरकारी आफिसर का दावा करना जैसे कई गंभीर आरोप प्रेस वार्ता के दौरान नरेन्द्र सिंह राजपुत रेतघाट समूह बालाघाट व शिवमंगल उर्फ मोनु सोनी के द्वारा लगाया गया हैं।शिवमंगल सोनी ने बताया कि खैरलांजी क्षेत्र के ग्राम चिचोली रेत घाट पर जनपद पंचायत अध्यक्ष आशु गुणाराम बघेले के द्वारा अपने साथियों 20-25 लोगों के साथ 11 जूलाई की रात्री करीब 10.30 बजे पहुंचे और डंपर डाईवरों के साथ मारपीट की गई. जब मुझे जानकारी लगी तो मौके पर पहुंचा क्योंकि मेरा कार्य डंपरों का काम हैं. तो मेरे से 6 हजार रूपये छिन लिये और 2 लाख रूपये की मांग की गई। मना करने पर कहा कि मैं झूठे छेड़छाड व बलात्कार के केश में फंसा दूंगी। इस मामले की खैरलांजी थाना में शिकायत भी गई लेकिन कोई भी कार्यवाई नहीं कि गई हैं. जबकि उक्त महिला की शिकायत पर खैरलांजी थाना में मामला दर्ज किया गया हैं। गुणाराम बघेले ओर आशु बघेले अब भी मुझसे दो लाख रूपये मांग रहें हैं।

नरेन्द्र सिंह राजपुत रेतघाट समूह बालाघाट ने जनपद पंचायत खैरलांजी आशु गुणाराम बघेले पर आरोप लगाते हुए कहा कि खैरलांजी जनपद पंचायत अध्यक्ष आशु बघेले अपने पति एवं साथियों के साथ रेतघाटों में पहुंचकर उसे बाधित कर 50 लाख रूपये की मांग पूरी करने का लगातार दबाव बना रहीं हैं। ग्राम झरिया निवासी गुणाराम बघेले के द्वारा कहा जा रहा हैं कि अपने मालिकों को कहों कि 50 लाख रूपये दें नहीं तो मेरी पत्नी जनपदपंचायत अध्यक्ष हैं वो कोई भी केस में तुमकों फसा देगी क्योकि हर जगह तुमही आते हो, छेड़छाड और बलात्कार जैसे केस बनवाना आसान हैं। हमारे साथ ढेर सारी महिलाएं हैं किसी से भी रिपोर्ट करवा देगें। गुणाराम बघेले अपनी पत्नी को लेकर कही भी पहुंचकर डम्फरों को रोकर रूपयों की मांग करते हैं अपने साथियों के साथ मरपीट करने और खुद को सरकारी अधिकारी बताकर रूपयों के लिए दबाव बनाते हैं. जानकारी मिलने पर मुझे डंपर वालों के पास जाना पड़ता हैं। ऐसे में इनके द्वारा मुझे ही टारगेट किया जाता हैं और पैसा दिलाओं व हमारे काम के बीच में मत आओं नहीं तो ढेर सारे झूठे मामलों में फसा देगें। जिसको लेकर मेरे द्वारा 10 जूलाई को लिखित शिकायत खैरलांजी थाना में दर्ज कराई थी. कार्यवाही ना होने के कारण उक्त लोगों के हौसले बढ़ गये और जो अंदेशा था वहीं हुआ जहां दिनांक 11 जूलाई को छेड़छाड, मारपीठ और अन्य झुठे आरोप लगाये जा रहें हैं। राजनैतिक संरक्षण के चलते मुझ पर मामला पंजीबद्ध कराने का प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जनपद अध्यक्ष के पति गुणाराम बघेले के द्वारा महाराष्ट्र राज्य में रेत चोरी कर डम्फरो से दूर दूर तक बेचा गया वहीं उसकी टीपी अन्य जगह की होना बताया गया था इसकी भी थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी उसके गवाहों को तोडऩे के लिए परेशान किया जा रहा हैं।



जनपद अध्यक्ष आशु बघेले ने 50 लाख रुपए मांगने और झूठे प्रकरण में फसाने के आरोपों को सिरे से नकारा हैं. उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी मिली थीं तो मै आपने पति और साथियों के साथ चिचोली रेट घाट पहुंची थीं जहा पर मुझसे बुरा बर्ताव किया गया, जिसकी शिकायत खैरालंजी थाना में दर्ज कराई. हमें पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आना पड़ रहा हैं. इसमें झूठे आरोप लगाते हैं तो लगाने दो।

## मामला संतान सुख के लिए ढाई साल की बच्ची का अपहरण

# बीजेपी नेता सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में संतान की चाह में बीजेपी की एक महिला नेता पर ढाई साल की बच्ची के अपहरण का आरोप लगा है। पुलिस ने इस मामले में भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सारिका बिसेन के साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता योगिता कावड़े और आंगनवाड़ी केन्द्र की सहायिका उषा कठौते को गिरफ्तार किया है।



दरअसल, तीन दिन पहले 11 जुलाई को मॉयल नगरी भरवेली के वार्ड क्रमांक-1 से ढाई साल की एक बच्ची गुम हो गई थी। उसके दत्तक पिता ने काफी तलाश की। जब कुछ भी पता नहीं चला तो 13 जुलाई शनिवार की शाम को उसने भरवेली पुलिस को इसकी सूचना दी। जिस पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

बीजेपी नेता को संतान सुख देने के लिए किया अपहरण

पुलिस ने बच्ची के लापता होने के स्थान से लेकर सभी संभावित जगहों पर उसकी तलाश की। खुद सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा इस मामले को देख रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बालिका एक स्थान पर है। जिसके बाद पुलिस ने उसे बरामद किया।

पुलिस को जांच में पता चला कि किसी महिला को संतान सुख देने के लिए योजनाबद्व तरीके से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायिका ने मिलकर बच्ची को महिला तक पहुंचाया था। जिसके आधार पर पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

### विकासखंड, जिला औए राज्य स्तरीय सर्वोत्तम किसान की तैयारियां प्रारम्भ

**बालाघाट।** प्रति वर्ष सब मिशन ऑन एग्रीकल्बर एक्सटेंशन आत्मा अंतर्गत विकासखंड स्तरीय, जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय सर्वोत्तम कृषक तथा सर्वोत्तम कृषक समूह को पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 2024-25 के लिए इस पुरस्कार की तैयारी प्रारम्भ हो गई है। मिशन परियोजना संचालक अर्चना डोंगरे ने बताया कि इसके लिए जिले के कोई भी किसान निर्धारित प्रारूप में प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकता है। इसके लिए समस्त विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और ब्लाक टेक्नालाजी मैनेजर से संपर्क कर सकते है। इसके लिए विभाग का एक निर्धारित प्रारूप है जिसमें किसान व उसके द्वारा की जा रही गतिविधियां आदि की जानकारी भरकर 31 अगस्त 2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। साथ आवेदन या निर्धारित प्रारूप को अपने क्षेत्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सत्यापित कराना होगा।

## कॉलेज को वाणिज्य व प्राणिशास्त्र विषय में रिसर्च की मिली स्वीकृति

# प्रदेश के 55 पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एक बालाघाट का भी महाविद्यालय

**सांसद श्रीमती भारती पारधी ने किया पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय का उद्घाटन**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

देश के गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को इंदौर से प्रदेश के 55 पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया है। इन 55 महाविद्यालयों में बालाघाट के शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय को भी पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में अपग्रेड करते हुए सौगात मिली है। बालाघाट में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय व कॉलेज के लिए बस सेवा, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं विद्या वन प्रकोष्ठ तथा मप्र ग्रंथ अकादमी का उद्घाटन सांसद श्रीमति भारती पारधी ने किया। इस दौरान सांसद श्रीमती पारधी ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि विषय में योग्यता विकसित करेंगे तो आगे विकास की राह पर कदम बढ़ेंगे। भगवान ने किसी भी सफल व्यक्ति को अलग नहीं बनाया, सब एक जैसे है। फर्क सिर्फ लक्ष्य निर्धारण और उनको पूरा करने के प्रति उनकी लगन का है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के लिए कई प्रयोग हुए है। जो सफल भी है। उनमें से एक प्रयोग सीएम राइज स्कूल का था। जो आज बहुत सफल है। खासकर बालाघाट के सीएम राइज स्कूल की बात की जाए तो यह प्रदेश के मॉडल स्कूल के रूप में है।

**सबके जीवन उतार चढ़ाव और संघर्ष से भरे हैं:** महाविद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पारधी ने कहा कि इस हॉल व बाहर पूरी दुनिया में जो भी लोग है। उन सभी का जीवन उतार चढ़ाव और संघर्ष से भरें है। उनके लक्ष्य के प्रति साधना ने उन्हें सफलता के मुकाम तक पहुँचाया है। उन्होंने जिले के विकास के सम्बंध में कहा कि विकास में सबके सहयोग की आवश्यकता होगी। सबके सहयोग से निरंतर विकास की ओर बढ़ेगी।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिले के विधायकों ने भी महाविद्यालय के पीएम कॉलेज और एक्सीलेंस में चयन होने पर शुभकामनाएं दी। बालाघाट विधायक श्रीमति अनुभा मुंजारे ने विद्यार्थीयो से कहा कि आप सबको शिक्षा के प्रति आकर्षित होना होगा। जीवन में कुछ पाने के लिए अपने-अपने लक्ष्य के साथ ही शिक्षा को अपने अंदर उतारना होगा। लांजी विधायक श्री राजकुमार कार्रहे ने अपने महाविद्यालयीन दिनों को याद करते हुए लक्ष्य के प्रति उनकी ललकता के उदारहण प्रस्तुत किये। उन्होंने वर्ष 2012 में बनाये गए विजिटिंग कार्ड एक विद्यार्थी से पढ़ाकर सबको लक्ष्य के प्रति रोमांचित किया।

कार्यक्रम के दौरान कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी ने सम्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि अब पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य व प्राणिशास्त्र विषय मे रिसर्च शुरू होंगे। इसके लिए ऐसे विद्यार्थियों के लिए उनके पास प्रोजेक्ट भी है। साथ ही प्रोजेक्ट पूरा करवाने के लिए फंडिंग की भी व्यवस्था स्वयं करेंगे। कार्यक्रम के दौरान नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने भी सम्बोधित किया। साथ ही जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती मौसम हरिनखेड़े ने भी सम्बोधित किया। साथ ही उद्योगपति व महाविद्यालय की भूमि दान करने वाले श्री जटाशंकर त्रिवेदी के पौत्र श्री किरनभाई त्रिवेदी ने भी सम्बोधित कर सबको पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बनने की बधाई दी। उन्होंने इस क्षण को परिवार और जिले के लिए गौरव का दिन बताया। कार्यक्रम का स्वागत सम्बोधन प्राचार्य श्री पीआर चन्देलकर ने दिया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढ़पाले व कॉलेज का स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहें।

### कलार समाज का प्रतिभावान छात्र, छात्राओं का सम्मान समारोह 28 को

**बालाघाट।** जिला सर्ववर्गीय कलार समाज के प्रतिभावान छात्र, छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आगामी 28 जुलाई को नगर के शीतल पैलेस में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी कार्यक्रम संयोजक नरेन्द्र धुवारे ने देते हुए बताया कि प्रतिभावान सम्मान समारोह में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान छात्र, छात्राओं को समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिन सामाजिक छात्र, छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए है, वे, मोतीनगर निवासी चंद्रकांत पिपलेवार 24 जुलाई की शाम 05 बजे तक संपर्क कर अपनी अंकसूची की प्रमाणित प्रति जमा कर सकते है। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान के साथ ही कैरियर मागदर्शन शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठों को भी आयोजक संस्था द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## राजेन्द्र सिंह अध्यक्ष व नकासे सचिव निर्वाचित

# संस्था मित्र मंडल रामपायली के चुनाव सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

संस्था मित्र मंडल रामपायली की कार्यकारिणी का प्रत्येक 3 वर्षों में गठन किया जाता हैं, जो गत दिवस नई कार्य कारिणी का पुनः वरिष्ठजनों की उपस्थिति में गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष ठाकुर राजेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल, सचिव रजनीश नकासे, सहसचिव प्रमेश पाठक, कोषाध्यक्ष केवल शिवहरे, शाला व्यवस्थापक रविंद्र सिंह बैंस, लेखाधिकारी रविशंकर दास वैष्णव, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश तिवारी, अविनाश कापरे, दामोदर अग्रवाल, नरेंद्र सिंह चौहान को चुना गया हैं।

संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान के सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उन्हें भारतीय हाई स्कूल शाला परिवार एवं निकटजनों ने हार्दिक बधाई देकर संस्था को उत्तरोत्तर प्रगति के मार्ग पर प्रशस्त करने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# उपनयन संस्कार ग्रहण करने वाले बालक बालिकाओं जैन समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

चन्द्रगिरि तीर्थ डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में आचार्य भगवन विद्यासागर जी के 57 वें मुनि दीक्षा दिवस के अवसर पर 11 जुलाई को गुरुवर के शिष्यों पूज्य मुनि श्री आगम सागर जी, पूज्य मुनि श्री पुनीत सागर जी एवम् पूज्य ऐलक श्री धैर्य सागर जी के मङ्गल सानिध्य में उपनयन संस्कार समारोह के द्वारा हजारों बालक-बालिकाओं में धर्म के संस्कारों का बीजारोपण महाव्रती मुनिराजों द्वारा किया गया।

इस मांगलिक सुअवसर पर वारासिवनी दिगम्बर जैन समाज से 27 बच्चों क्रमशः अमित जैन 11 वर्ष, सिद्धम आदेश मॉडल जैन 9 वर्ष, निक्षित राकेश जैन 13 वर्ष, तनिष्क सुनील जैन 10 वर्ष, आशय अमित जैन 10 वर्ष, यति आलोक जैन 11 वर्ष, आदी दीपक जैन 12 वर्ष, बिंदू दीपक जैन 11 वर्ष, श्रेष्ठ अभिषेक मॉडल 12 वर्ष, आर्य नीरज जैन 16 वर्ष, अविक सचिन कासल जैन 10 वर्ष, पुन्यांस निशांत जैन 11 वर्ष, तानी सुनील जैन 13 वर्ष, अवनी अमित जैन 13 वर्ष, लिपी सागर गोयल 10 वर्ष, सोना अभिषेक मॉडल जैन 13 वर्ष, माही आलोक मॉडल जैन 15 वर्ष, दीपल दीपक जैन 17 वर्ष, यशी विवेक जैन 15 वर्ष, अक्षिता विवेक जैन 11 वर्ष, आशी आलोक मॉडल जैन 20 वर्ष, दीपिका दिलीप जैन 19 वर्ष, रीतिका दिलीप जैन 21 वर्ष, हनी राकेश जैन 19 वर्ष, प्रियांशी सुधीर जैन 22 वर्ष, परी समीर गोयल 15 वर्ष एवं तोषी अनिल जैन को मुनिराजों से संस्कार ग्रहण करने का परम सौभाग्य मिला। सभी बच्चों ने अपनी पाठशाला के शिक्षकों श्रीमती सुनीता मॉडल, श्रीमती रेखा जैन एवम् अभिभावकों सहित बस द्वारा चन्द्रगिरि डोंगरगढ़ पहुँच कर संस्कारों को ग्रहण कर जीवन को धन्य किया।



14 जुलाई रविवार को दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी वारासिवनी द्वारा सकल जैन समाज की उपस्थिति में श्री दिगम्बर जैन मन्दिर वारासिवनी में सभी संस्कारित बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सभी बच्चों, उनके अभिभावकों एवम् पाठशाला के शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए तिलक वन्दन कर सम्मान किया गया। सभी संस्कारित बालक बालिकाओं को पुरुस्कार भी प्रदान किये गये।

## लोक निर्माण विभाग नहीं कर रहा अस्थायी नाली का निर्माण

# बरसात के पानी की निकासी नहीं होने से सड़क मार्ग के बरबाद होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

रामपायली में मुख्य मार्ग पर स्थित बस स्टैंड से श्रीराम मंदिर और नीम वाले बाबा की दरगाह तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए सडक़ मार्ग के दोनों ओर नाली का निर्माण नहीं किए जाने से बरसात के मौसम में नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। विदित हो कि लोक निर्माण विभाग द्वारा डामर सडक़ का निर्माण करने के दौरान इस बात का ख्याल नहीं रखा गया कि बरसात के मौसम का पानी बरसने के बाद सडक़ से बहकर कहॉं जायेगा? विभाग के अधिकारियों की इस लापरवाही का परिणाम यह निकल रहा हैं कि प्रति वर्ष वर्षाकाल के दौरान सडक़ मार्ग के दोनों तरफ बरसात का पानी एकत्रित हो जाता हैं, जिसके कारण सडक़ मार्ग भी खराब होता हैं और नागरिकों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं।

सडक़ बनने के बाद एक वर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्षा काल में सडक़ मार्ग के दोनों तरफ अस्थायी नाली का निर्माण करवाया गया था। लेकिन पिछले 2 वर्षो से लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण अस्थायी नाली का निर्माण करवाने के मामले में उदासीन बने हुए हैं। इस संबंध में रामपायली के जनप्रतिनिधियों द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते हुए अस्थायी नाली बरसात के दौरान बनने का अनुरोध किया गया था। लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया हैं। जिसके कारण अब यह वर्षा का जल सडक़ मार्ग किनारे निवासरत घरों में घुस रहा हैं। जिससे मकानों को भारी क्षति होने के अंदेशे को टाला नहीं जा सकता और मार्ग के दोनों और कीचड़ मक्खी मच्छर का साम्राज्य बढ़ते जा रहा है। गत विधानसभा चुनाव के दरमियान श्रीराम मंदिर से लेकर नीम वाले बाबा की दरगाह तक यह मार्ग का लाखों रुपए की लागत से निर्माण किया गया था। जो लोक निर्माण विभाग की कुंभकर्णी नींद के कारण अब गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाएगा। जिसके चलते आमजनों को भारी तकलीफों का सामना पुनः करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने अविलंब उचित करवाई करने की मांग लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की हैं।




# भाजपा महिला मोर्चा ने लगाया एक पेड़ मां के नाम, आंबेडकर चौक के महिला उद्यान में रोपित हुए पौधे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भाजपा महिला मोर्चा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

मुख्यालय के आंबेडकर चौक स्थित महिला उद्यान में सांसद भारती पारधी, भाजपा महिला मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता एलकर, नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, युवा नेत्री मौसम हरिनखेड़े और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमा वाधवानी की मौजूदगी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे, रोपित किए गए।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमा वाधवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान, एक जनआंदोलन बन गया है। आज जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां है, जिससे मौसम असमय परिवर्तित हो रहा है, जिस चुनौती के समाधान के लिए दुनिया को पर्यावरण के साथ अपनाने का संदेश एक पेड़ नाम, अभियान से शुरू किया गया है। जिसके तहत आज महिला मोर्चा द्वारा महिला उद्यान में पौधो का रोपण किया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थी।

